आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 23.06.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- योग, ध्यान और अध्यात्म से जुड़े विषयों के अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिये हरिद्वार स्थित ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज में मदन मोहन मालवीय राज्य शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में स्वच्छता अभियानों का आयोजन कर आम लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया गया।
- नैनीताल जिले में क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों और बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए सिंचाई विभाग को जिला योजना के तहत साढे चार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि दी जाएगी।
- प्रदेश के अनेक हिस्सों में मॉनसून पहुंचा, आज राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश की संभावना।

युवा कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिद्वार स्थित ऋषिकुल आयुर्वेदिक कॉलेज में मदन मोहन मालवीय राज्य शोध संस्थान की स्थापना की जाएगी, जिसमें योग, ध्यान और अध्यात्म से जुड़े विषयों का अध्ययन होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकुल में भारतीय मजदूर संघ उत्तराखंड द्वारा आयोजित युवा कार्यकर्ता सम्मेलन और संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने के समापन समारोह में यह घोषणा की।

उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को विश्व तक पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की सात दशक की यात्रा को राष्ट्र निर्माण में समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि संगठन ने स्वदेशी विचारधारा के साथ श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की है।

सरकार के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हुए श्री धामी ने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए ई–श्रम पोर्टल, बीमा, ईएसआई, ईपीएफ जैसी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि पुराने 29 श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार श्रम संहिताओं में बदला गया है। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि श्रमिक सिर्फ श्रम के साधक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के पथ निर्माता हैं। स्किल इंडिया अभियान से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

स्वच्छता अभियान– 1

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रविवार का दिन स्वच्छता को समर्पित रहा। इसी कड़ी में चंपावत जिले के लोहाघाट में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ''स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत'' अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

अभियान की शुरुआत ऋषवेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से हुई। इसके बाद लोहावती नदी तट और श्मशान घाट की सफाई की गई, जहां झाड़ियों की कटाई कर नदी में जमा कूड़ा–कचरा और पॉलीथीन को नगर पालिका की गाड़ी के माध्यम से निस्तारित किया गया। इस अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी, आईटीबीपी के जवान, नगर पालिका कर्मी, पुलिस बल, व्यापार संघ के कार्यकर्ता, नगर निगम कर्मचारी, पर्यावरण मित्र और स्थानीय नागरिकों ने भागीदारी की।

वहीं, पौड़ी गढ़वाल जिले के सभी न्यायालय परिसरों में कल जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर पालिका, वन और पुलिस विभाग का सहयोग रहा। जिला न्यायालय परिसर पौड़ी में जिला न्यायाधीश अजय चौधरी ने सभी न्यायिक और प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और न्यायालय परिसर में साफ–सफाई का कार्य किया गया। श्रीनगर, कोटद्वार, लैंसडौन और धुमाकोट स्थित बाह्य न्यायालय परिसरों में भी समान रूप से यह अभियान संचालित किया गया।

स्वच्छता अभियान– 2

उधर, नैनीताल में स्वच्छ भारत अभियान को प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी थानों, शाखाओं और इकाइयों में पुलिस द्वारा व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में हुए इस अभियान में पुलिसकर्मियों ने न केवल अपने कार्यस्थल की सफाई की, बल्कि अपने घर, मोहल्ले और समुदाय को स्वच्छ रखने की शपथ भी ली।

जिला मुख्यालय स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात डॉ. जगदीश चंद्र ने सफाई कार्यक्रम में भाग लेते हुए सभी थाना प्रभारियों और अधिकारियों को शपथ दिलाई और परिसर की सफाई में भागीदारी का आह्वान किया।

पुलिस की ओर से स्थानीय नागरिकों से भी अपील की गई कि वे अपने घर, गली और मोहल्ले को स्वच्छ रखने में योगदान दें।

'धरोहर संवाद 2025'

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक क्रिया–कलाप केन्द्र चौरास में कल राज्य स्तरीय साहित्य और सांस्कृतिक सम्मेलन 'धरोहर संवाद 2025' शुरू हुआ। 'अपनी धरोहर न्यास' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों से संस्कृति प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन में उत्तराखंड की समृद्ध परंपराओं, धार्मिक यात्राओं, नौलों और धारों जैसे सांस्कृतिक पहलुओं के संरक्षण को लेकर कई सत्रों में चर्चा हुई। वक्ताओं ने इन परंपराओं के प्रचार–प्रसार और नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को 11 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा। डॉ. रावत ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने और पारंपरिक वाद्य यंत्रों को प्रोत्साहित करने की बात कही। विधायक विनोद कंडारी ने भी धरोहरों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

बाढ़ सुरक्षा कार्य

नैनीताल जिले में क्षतिग्रस्त सिंचाई नहरों और बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए सिंचाई विभाग को जिला योजना के तहत साढे चार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि दी जाएगी। मानसून सीजन में तेज बारिश से इन नहरों को और अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका है, जिससे जन–धन के नुकसान का खतरा बढ़ सकता है।

क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत और बाढ़ से बचाव के लिए चेकडैम और सुरक्षा दीवारों का निर्माण जरूरी माना गया है। इसी के तहत यह धनराशि जारी की जा रही है। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह नेगी ने बताया कि जल्द ही यह राशि सिंचाई विभाग को उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि जरूरी निर्माण कार्य समय पर पूरे किए जा सकें।

मौसम

राज्य के कई हिस्सों में मॉनसून के पहुंचते ही विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में भी वर्षा का यह क्रम बने रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आज तेज बारिश और आंधी की संभावना है। विभाग ने देहरादून और नैनीताल जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

यात्रा व्यवस्था

रुद्रप्रयाग के नवनियुक्त जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कार्यभार संभालते ही केदारनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पहले केदारनाथ राजमार्ग का निरीक्षण किया और फिर सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम तक 24 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत देखी।

जिलाधिकारी ने मार्ग में तीर्थयात्रियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने रास्ते में जल मशीनों की स्थिति, चिकित्सा सेवाएं, आपातकालीन तैयारी, एसडीआरएफ की मौजूदगी, सफाई, आवास व्यवस्था और विश्राम स्थलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जरूरी सुधार तुरंत किए जाएं।

धाम पहुंचकर जिलाधिकारी ने बाबा केदारनाथ के दर्शन किए और तीर्थ पुरोहितों से भेंट की। साथ ही पुनर्निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

पुनर्मिलन कार्यक्रम

भारतीय सैन्य अकादमी– आईएमए, देहरादून ने सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारियों के एक उल्लेखनीय समूह का पुनर्मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर 1975 में पासआउट 55वें नियमित और 39वें तकनीकी स्नातक कोर्स के 153 पूर्व अधिकारी शामिल हुए। उनके साथ कोर्स की 7 वीर नारियां भी उपस्थित रहीं। ये अधिकारी उस संस्था में लौटे, जहां से उन्होंने सैन्य जीवन की शुरुआत की थी। देश और कुछ विदेशी स्थानों से आए इन पूर्व अधिकारियों ने आईएमए में बिताए अपने प्रशिक्षण के दिनों को भावुकता से याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे उत्कृष्ट प्रशिक्षकों और मार्गदर्शकों ने उन्हें कुशल सैन्य अधिकारी के रूप में तैयार किया। इन अधिकारियों ने अपने करियर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, जिनमें कई उच्च पदों तक पहुंचे और वीरता एवं विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित भी हुए।

पुनर्मिलन के दौरान अधिकारियों ने देश की रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

अमेरिका के ईरान पर हमले को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – अमेरिकी हमलों से ईमान के परमाणु अड्डे नष्ट, तेहरान ने प्रतिशोध का प्रण लिया। राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने अमेरिका ने तबाह किए तीन ईरानी परमाणु ठिकाने, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण ने लिखा है – अमेरिका का ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला।

मुख्यमंत्री ने कल ऋषिकुल में प्राच्य शोध संस्थान की घोषणा की। इस खबर को अमर उजाला ने ऋषिकुल में महामना के नाम पर स्थापित होगा प्राच्य शोध संस्थान शीर्षक से प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है – मदन मोहन मालवीय राज्य शोध संस्थान की स्थापना ऋषिकुल में होगी, शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है।

देहरादून में कल आशारोड़ी में हुए हादसे को सभी भी समाचार समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण ने लिखा है – ट्राले में घुसी बेकाबू कार, जीजा–साला सहित चार की मौत। अमर उजाला समाचार पत्र ने हरियाणा के पर्यटकों की कार ट्रक से टकराई, चार की मौत शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया है।